(ख) सरकार ने इस मंडल के टिकट जांच करने वाले कर्मचारियों में व्याप्त प्रचण्ड भ्रष्टाचार को रोकने के लिए क्या कदम उठाये हैं ; और

(ग) इस मंडल के सभी छोटे स्टेशनों पर टिकटों की कमी के क्या कारण हैं जिसके परिणामस्वरूप बिना टिकट यात्रा को प्रोत्साहन मिलता है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन): (क) 1990–91 के दौरान दक्षिण-पूर्व रेलवे के नागपुर मंडल ने 67 बार मजिस्ट्रेट द्वारा जांच कराई गई थी। इन जांचों के दौरान 135 व्यक्ति पकड़े गए थे। उनसे रेलवे को देय और न्यायिक जुर्माने के रूप में क्रमश: 90 रुपए और 268 रुपए की राशि वसूल की गई थी।

(ख) टिकट जांच करने वाले कर्मचारियों के कार्य-निष्पादन पर अधिकारियों तथा निरीक्षकों द्वारा नियमित रूप से निगरानी रखी जाती है। इसके अलावा समय-समय पर अचानक जांच, कर्मचारियों की अदला-बदली कर के जांच, सतर्कता जांच आदि भी की जाती है।

(ग) इस मंडल के छोटे स्टेशनों पर टिकटों की कोई कमी नहीं है, यदि एक स्टेशन पर किसी स्टेशन के लिए मुद्रित कार्ड टिकटों का स्टाक खत्म हो जाता है तो यात्रियों को पर्ची-टिकट जारी कर दिए जाते हैं।

दक्षिण पूर्व रेलवे में वैगनों की आवश्यकता

344. **श्री अजीत जोगी :**
कुमारी सुशीला तिरिया :

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दक्षिण पूर्व रेलवे के नागपुर मंडल के व्यापारियों की प्रतिवर्ष कितने वैगनों की मांग है और कितनी मांग पूरी की जा रही हैं और इस कमी को पूरा करने के लिए क्या कदम उठाये गये हैं ;

(ख) क्या इस मंडल के छोटी लाइन खण्ड में खनिजों/डोलोमाइट, वैगनीज बांस/वन सम्पत्ति, अनाज की ढुलाई के लिए रैक प्रदान नहीं किए जा रहे हैं ; यदि हां, तो इस के क्या कारण हैं ;

(ग) इस मंडल के जबलपुर, मदन महल और हाउराग स्टेशनों पर वाहा-नान्तरण व्यवस्था कब तक प्रदान कर दिए जाने की संभावना है ; और

(घ) क्या यह सच है कि 650 वैगनों को फालतू दर्शा कर अनुप्रयुक्त रखा गया है; यदि हां, तो क्या सरकार इस संबंध में किसी का उत्तरदायित्व निर्धारित करने का विचार रखती है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) से (घ) दक्षिण पूर्व रेलवे के नागपुर मंडल में बड़ी लाइन और छोटी लाइन के माल डिब्बों के लिए प्रति वर्ष की गई मांग और वर्ष 1990–91 और 1991–92 (दिसम्बर, 1991 तक) में की गई ढुलाई का ब्यौरा नीचे दिया गया है :—

	मांग		ढुलाई	
	ब०ला०	छो०ला०	ब०ला०	छो०ला०
1990–91	63051	27963	45037	24714
1991–92 (दिसम्बर, 91 तक)	48432	20924	32389	17498

ब्लाक रेक मांगें संतोषजनक ढंग से पूरी की जा रही हैं। तथापि, फुटकर मांग को पूरा करने में कुछ अन्त रपड़ जाता है क्योंकि महत्वपूर्ण क्षेत्र की बढ़ी हुई मांग को पूरा करने तथा अनिवार्य पण्यों की तेज गति से ढुलाई करने के लिए बड़ी लाइन के बंद माल डिब्बों से ब्लाक रेकों की संरचना की गई है।

बड़ी लाइन के स्टाक की अपर्याप्त उपलब्धता के कारण बदन महल यानान्तरण के रास्ते संचलन सीमित कर दिया गया है और यानान्तरण गोंदिया में किया जा रहा है। छोटी लाइन के आन्तरिक संचलन की मांग पूर्णतः पूरी की जा रही है। तथापि, बड़ी लाइन के सुमेल स्टाक की अपर्याप्त उपलब्धता के कारण यानान्तरण यातायात के रास्ते कम है। इस समय छोटी लाइन के लगभग 500 माल डिब्बे फालतू हैं।

मनमाड-औरंगाबाद रेल लाइन का बदला जाना

345. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सम्पूर्ण मनमाड-औरंगाबाद रेल लाइन को बड़ी लाइन में बदल दिया गया है ;

(ख) यदि हां, तो इस रेल लाइन पर कौन-कौन सी नई रेल गाड़ियां चलाये जाने का विचार है ;

(ग) क्या सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली और औरंगाबाद के बीच कोई नई रेलगाड़ी चलाने का विचार रखती है; और

(घ) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) जी हां।

(ख) 2/3 फरवरी 1992 से 1321/1322 पुणे-मनमाड और 1603/1604 दौंड-मनमाड पैसेंजर गाड़ियों को औरंगाबाद तक/से बढ़ा दिया गया है। इसके अलावा; मनमाड-औरंगाबाद खंड पर 3 फरवरी; 1992 से 1351/1352 बंबई-औरंगाबाद एक्सप्रेस शुरू कर दी गयी है।

(ग) जी नहीं।

(घ) परिचालनिक और संसाधनों की कठिन स्थिति के कारण।

Bogibeel Bridge in Upper Assam

346. SHRIMATI BUOYA CHAKRA VARTY : Will the. Minister of RAIL WAYS be pleased to state :

(a) whether Government are aware that there has been a long standing demand for the early construction of Bogibeel bridge in upper Assam; and

(b) if so, by when the cons truction work is likely to start ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MALLIKARJUN) ; (a) Yes, Sir.

(b) After completion of the Rail-cum-road bridge at Jogighopa in 1994-95, subject to the approval by the Planning Commission.

Railway line between Khnrdba Road to Bolangir via Phalabani in Orissa

347. SHRI JAGADISH JANl : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether Government have included the proposal for the construction of a Railway line between Khurdha Road to Bolangir *via* Phulabani in Orissa, in the Eighth Five Year Plan;

(b) if so, the funds earmarked in the project; and

(c) the steps taken to construct the line on priority basis ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MALLIKARJUN) : (a) No, Sir.

(b) and (c) Do not arise.

Sambalpur-Talcher Railway line in Orissa

348. SHRI JAGADISH JANl : Wil) the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) the total amount earmarked for the construction of Sambalpur-Talcher